# REPORT
## Of National Seminar
## Female feticide and Protection of Girl Child
## Date: 16th October, 2015
## Constitution Club, Rafi Marg, New Delhi

दिल्लीः– सामाज सेवी संस्था दीपवेलफेयर आर्गेनाजेशन ने एजूकेशन फोरम फॉर  वीमेन जस्टिस एंड सोशल वेलफेयर के साथ मिलकर कन्या भूण्र हत्या एंव बालिकाओं की सुरक्षा विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन  कांस्टीच्यूशनल क्लब में किया गया । सेमिनार मुख्य अतिथी के रूप में माननीय सांसद लोकसभा श्री रवीन्द्र पांडे एंव राज्यसभा सांसद  शंकर भाई वागडे , महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुषमा साहू , समाजसेवी श्रीमती शमिष्ठा मुखर्जी ने दीप प्रजल्लवित करके शुभारंभ किया ।




संस्था के सचिव श्री अजय प्रकाश पांडे ने सेमिनार में देश के अलग अलग हिस्सों से आये प्रतिनिधियों अतिथियो का स्वागत किया उन्होंने संस्था द्वारा लगाातार पिछले पांच सालों से प्रोक्टेशन ऑफ गर्ल चाइल्ड अभियान के अंतगर्त विभिन्न विषयों पर लगातार देश विभिन्न हिस्सों चलाये जा रहे गतिविधियों की जानकारी दी ।एजूकेशन फोरम फॉर  वीमेन जस्टिस

एंड सोशल वेलफेयर  के संस्थापक श्रीमती इंदिरा मिश्रा  ने बालिकाओं के संवैधानिक अधिकार विषय पर विस्तार से चर्चा किया उन्होंने चाईल्ड मैरिज को रोकने को लेकर रणनीति कार्य करने की आवश्यकता है।  मुख्य अतिथी श्रुति कक्कर , राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के चैयरपरसन ने कहा कि बच्चे भगवान के धरोहर होते है अगर कोई माता पिता बच्चे का पालन पोषण नहीं कर सकते तो उसे मारे नहीं या अन्यथा जहां तहा फेके नहीं उसे सरकार द्वारा बनाये गये ऑडप्शन सेंटर को दे।  सेमिनार को संबोधित करते हुए सांसद रवीन्द्र पांडे ने कहा है कि जरूरत धर में मानसिकता  बदलने की है जबतक घर में मां बाप लडके लडकी के भेदभाव खत्म नहीं करते है तबतक से बदलाव नहीं होगा साथ ही संस्था लगाता पिछले पांच सालों से इस विषय पर काम करने के लिये सराहना किया ।दिल्ली सरकार के संस्दीय सचिव प्रवीन कुमार ने सेमिनार को संबोधित किया सरकार द्वारा इस विषय पर हरसंभव मदद देने का भरोसा दिया"। वर्तमान राष्ट्रपती की बेटी एंव समाजसेवी श्रीमती शमिष्ठा मुखर्जी  ने सेमिनार को संबोधित किया इस तरह के किये जा रहे कार्यो के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है । अगर हम बालिकाओं के प्रति संवेदनशील नही हऐ तो कहा आने वाले दसष्सालों में ऐसे पूरूष होंगे जिन्हें शादी के लिये लडकियां नसीब नही होनेवाली है। मिस यूनिवर्स सुश्री रूबी यादव ने सेमिनार में अपने सफर का अनुभव शेयर किया किस तरह छोटे शहरों से होते हुए यहां तक पहुंची कौन सी बाधाये आई तमाम चीजों को बताया।




इसके साथ ही सेमिनार में आये विशेषज्ञों ने जो बालिको के उपर काम कर रहे है उनलोगों ने सेमिनार को संबोधित किया । दिल्ली महिला आयोग के सदस्या श्रीमती सारिका चौधरी ने आयोग द्वारा किये  जा रहे कार्यो  के बारे में जानकारी दी साथ ही दीप संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहना किया ।  सेमिनार को बाल आयोग के सदस्य  , बीजेपी के प्रवक्ता श्री गोपाल अग्रवाल, एस के दतता , डीसीपीसीआर के पूर्व सदस्य श्री एम एम पचिसिया ने सेमिनार को संचालन किया ।  इसके दीप वेलफेयर  द्वारा संचालित सेंटर के लडकियों काफी संख्या में हिस्सा लिया सेंटर के काडिनेटर  तथा

डॉ सिद्धार्थ , विभा, शशि भूषण समेत सभी सेमिनार को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया साथ ही एजूकेशन फोरम फॅार वीमेन जस्टिस एंड सोशल वेलफेयर के सभी सदस्यों सेमिनार में अहम योगदान दिया ।



दुसरी तरफ इस कैपेंन को मजबूती प्रदान करने के लिये निजी कंपनियो के प्रतिनिध्यिों को भी शामिल किया गया सार्वजनिक क्षेत्र के जानेमाने संस्था सेल , ओएनजीसी, इंडियन आयल, गेल, हिन्दुसतान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, यूनियन बैंक ने कैपेन को सहयोग दिया ।